दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 04-08-2026

# नर्मदा कॉलेज में एनसीसी भर्ती परीक्षा, 80 चयनित



नर्मदापुरम| प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नर्मदा महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एनसीसी भर्ती हुई। कार्यक्रम में 13 एमपी बटालियन से सूबेदार राकेश सिंह, बीएचएम विजय कुमार, एएनओ डॉ. संतोष कुमार अहिरवार, प्राचार्य डॉ. रामकुमार चोकसे, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. कमल बाधवा उपस्थित रहे। महाविद्यालय की एनसीसी सीटीओ यासमीन खान ने संचालन किया। भर्ती प्रक्रिया में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। 80 विद्यार्थियों का एनसीसी के लिए चयन हुआ।



